कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 17/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में ‘‘देश का प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम’’ का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग एवं राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज चंदखुरी, दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ‘‘देश का प्रकृति परीक्षण’’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किया गया।

डॉ. मंजूषा सोनपिपरे ने महाविद्यालय की प्राध्यापकों एवं छात्राओं को इस कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। जिसके अंतर्गत मोबाईल एप्लीकेशन के जरिये 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का आयुर्वेदीय सिद्धान्त के अनुसार वात्-पित्त और कफ प्रकृति का परीक्षण किया जा रहा है। प्रकृति परीक्षण के बाद डिजिटल प्रकृति कार्ड बनता है तथा मोबाईल एप्लीकेशन पर विभिन्न मौसमों या ऋतुओं में स्वस्थ रहने के लिए उपयोगी खान-पान, परहेज, दिनचर्या की जानकारी मिलेगी। प्रकृति परीक्षण से प्रकृति के अनुसार संभावित रोग की जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी जिससे रोगों से बचाव किया जा सकता है।

राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज चंदखुरी, दुर्ग के चिकित्सक डॉ. कीर्ति मिश्रा, डॉ. कामना सिंह, डॉ. मंजूषा सोनपिपरे, डॉ. पायल लाऊत्रे, डॉ. अंजू बेन, डॉ. योगेश्वर पाण्डेय, डॉ. धर्मपाल सिंह ठाकुर एवं डॉ. चंद्रकांत उपाध्याय तथा बी.ए.एम.एस. की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी तथा इसे अपनाने की सलाह दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. लता मेश्राम, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोहम्मद शोयेब ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं अधिक संख्या में छात्राएँ उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल

प्रभारी प्राचार्य

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर

कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)